**J. C. Bose University of Science and Technology, YMCA, Faridabad**
*(formerly YMCA University of Science and Technology)*
**A State Govt. University established wide State Legislative Act. No. 21 of 2009**
**SECTOR-6, FARIDABAD, HARYANA-121006**
**Ph. 129-2310127 | email:proymcaust@gmail.com | web: www.ymcaust.ac.in**

GOLDEN JUBILEE YEAR
(1969-2019)

**NEWS CLIPPING: 04.07.2019**

## AMAR UJALA

### जेसी बोस में मास्टर डिग्री में आवेदन का अतिरिक्त मौका

फरीदाबाद। जेसी बोस विश्वविद्यालय के दो एमए कोर्सों में आवेदन की तारीख बढ़ा दी गई है। एमए इंग्लिश और पत्रकारिता एवं जनसंचार कोर्स में यह मौका दिया गया है। इंग्लिश कोर्स में 35 सीटों पर 31 जुलाई तक आवेदन लिए जाएंगे। एमए पत्रकारिता एवं जनसंचार में 30 सीटों पर 15 जुलाई तक आवेदन किए जा सकेंगे। ब्यूरो

**NEWS CLIPPING: 04.07.2019**

**PUNJAB KESARI**

# जेसी विश्वविद्यालय ने एमए पाठ्यक्रम की दाखिला तिथि बढ़ाई

फरीदाबाद, 3 जुलाई (ब्यूरो): जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद ने एम.ए. (अंग्रेजी) और एम.ए. (जर्नलिज्म एवं मास कम्युनिकेशन) पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए आनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि को बढ़ाने का निर्णय लिया है। एमए (अंग्रेजी) के लिए आवेदन की अंतिम तिथि को बढ़ाकर 31 जुलाई किया गया है और एम.ए. के लिए आवेदन की अंतिम तिथि 15 जुलाई तक बढ़ाई गई है। मानविकी विभाग के अध्यक्ष डॉ अतुल मिश्रा ने बताया कि यह निर्णय विद्यार्थियों के हितों को देखते हुए लिया गया है। इससे पूर्व, आवेदन की अंतिम तिथि 30 जून थी। आगामी शैक्षणिक सत्र में शुरू किये जा रहे एमए (अंग्रेजी) पाठ्यक्रम में सीटों की संख्या 35 है जबकि एम.ए. पाठ्यक्रम में सीटों के संख्या 30 है।

**NEWS CLIPPING: 04.07.2019**

## NAVBHARAT TIMES

# जेसी बोस यूनिवर्सिटी ने बढ़ाई एडमिशन की तारीख

**एनबीटी न्यूज, फरीदाबाद :** जेसी बोस (वाईएमसीए) यूनिवर्सिटी में पीजी के दो कोर्सों में दाखिले के लिए आवेदन करने की अंतिम तारीख बढ़ा दी है। यूनिवर्सिटी में एमए इंग्लिश में दाखिले के लिए छात्र 15 जुलाई तक और एमए जर्नलिज्म व मास कम्युनिकेशन में 31 जुलाई तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। यूनिवर्सिटी में मानविकी विभाग के अध्यक्ष डॉ अतुल मिश्रा ने बताया कि छात्रों के हितों को ध्यान में रखते हुए यह फैसला लिया गया है। अभी तक दोनों कोर्स में दाखिले की तारीख 30 जून थी, जिसे अब बढ़ा दिया गया है।

**काम की**

एमए इंग्लिश में 35 व एमए जर्नलिज्म व मास कम्युनिकेशन में 30 सीटों के लिए आवेदन लिए जा रहे हैं। एमए इंग्लिस कोर्स की कोऑर्डिनेटर डॉ दिव्यज्योति सिंह ने बताया कि यूनिवर्सिटी में एमए इंग्लिस इसी सत्र से शुरू किया जा रहा है। इस कोर्स को मूल साहित्य के अलावा ग्राफिक-नॉवल राइटिंग, ट्रांसलेशन, फिल्म स्टडीज, नॉन फिक्शन व क्रिएटिव राइटिंग जैसे पहलुओं को ध्यान में रखकर डिजाइन किया गया है। यूनिवर्सिटी में एमए जर्नलिज्म व मास कम्युनिकेशन तीन सालों से चल रहा है।

**NEWS CLIPPING: 04.07.2019**

**HINDUSTAN**

# वाईएमसीए में 30 तक फार्म भरें

**फरीदाबाद।** जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए ने मास्टर्स पाठ्यक्रमों में आवेदन की अंतिम तिथि आगे बढ़ा दी है। इसके तहत एमए (अंग्रेजी) और एमए (जर्नलिज्म एवं मास कम्यूनिकेशन) पाठ्यक्रमों में आवेदन किए जा सकते हैं। एमए (अंग्रेजी) के लिए छात्र 31 जुलाई तक और एमए (जर्नलिज्म एवं मास कम्यूनिकेशन) के लिए अब 15 जुलाई तक आवेदन कर सकेंगे।

मानविकी विभाग के अध्यक्ष डॉ. अतुल मिश्रा ने बताया कि छात्रहित को देखते हुए ये फैसला लिया गया है। इससे पहले दोनों पाठ्यक्रमों की अंतिम तिथि 30 जून थी। नए सत्र से शुरू होने वाले एमए (अंग्रेजी) पाठ्यक्रम में 35 और जर्नलिज्म एवं मास कम्यूनिकेशन में 30 सीटों पर दाखिले होने हैं।

**NEWS CLIPPING: 04.07.2019**

**DAINIK BHASKAR**

# जेसी बोस विश्वविद्यालय ने एमए अंग्रेजी व जर्नलिज्म में दाखिला की तिथि बढ़ाई

जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय ने एमए अंग्रेजी और एमए जर्नलिज्म एवं मास कम्युनिकेशन पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि बढ़ाने का निर्णय लिया है। एमए अंग्रेजी के लिए आवेदन की अंतिम तिथि को बढ़ाकर 31 जुलाई और एमए जर्नलिज्म एवं मास कम्युनिकेशन की तिथि 15 जुलाई तक बढ़ाई गई है। मानविकी विभाग के अध्यक्ष डा. अतुल मिश्रा के अनुसार यह निर्णय विद्यार्थियों के हितों को देखते हुए लिया गया है। इससे पूर्व दोनों पाठ्यक्रमों के लिए आवेदन की अंतिम तिथि 30 जून थी। इस सत्र से शुरू हो रहे एमए अंग्रेजी पाठ्यक्रम में सीटों की संख्या 35 व एमए जर्नलिज्म एवं मास कम्युनिकेशन में सीटों की संख्या 30 है। दोनों पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता किसी भी विषय में 50 प्रतिशत अंकों के साथ स्नातक है।